महिला अध्ययन केन्द्र, दुवासु, मथुरा द्वारा बुजुर्ग महिलाओं एवं बच्चियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल से सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रगति आख्या

बालिकाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा द्वारा महिला अध्ययन केन्द्र के अन्तर्गत होने वाली गतिविधियों के क्रम में दिनांक 05 अक्टूबर 2021 को ग्राम शहजादपुर पौरी में बुजुर्ग महिलाओं एवं किशोरियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थय की देख–रेख सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से डा0 वर्षा गुप्ता (समन्वयक), डा0 मीना गोस्वामी अवस्थी, डा0 ममता, श्रीमती प्रिया शर्मा एवं श्रीमती किरन ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसका क्रियान्वन किया। गाँव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की "ग्रामीण परिवेश में स्वच्छता अभियान का प्रभाव" विषय पर वक्तव्य प्रतिस्पर्धा करायी गई, जिसमें बढ़ चढ़ कर सहभागिता करते हुये बालिकाओं ने स्वच्छता के महत्व के साथ–साथ अपने विद्यालय और गाँव की स्वच्छता में अपनी भागीदारी की कुशल अभिव्यक्ति की। इसी क्रम में विजेताओं को पुरूस्कृत करते हुये प्रोत्साहित किया गया, साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरूस्कार देकर उनका भी उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं की सहभागिता भी सराहनीय रही।

इसके पश्चात महिलाओं के लिये वृद्धावस्था से सम्बन्धित सामान्य समस्याओं पर चर्चा हेतु आयोजित गोष्ठी में 57 महिलाओं ने भाग लिया जिनमें से 15 महिलाऐं 50 वर्ष की आयु या उससे अधिक थीं। डा0 वर्षा गुप्ता ने वृद्धावस्था सम्बन्धी अस्थि विकार, आर्थराइटिस के लक्षणों एवं प्रबन्धन सम्बन्धी सहज एवं विस्तृत जानकारी दी। डा0 ममता ने वृद्धावस्था की मानसिक समस्याओं डिमेंशिया एवं रजोनिवृत्ति पर चर्चा की। उपरोक्त दोनों ही विषयों के प्रबन्धन का मुख्य बिन्दु पोषण था जिस पर विस्तृत जानकारी देने का दायित्व डा0 मीना गोस्वामी अवस्थी ने पूर्ण किया। चर्चा को अधिक प्रभावकारी बनाने के उद्देश्य से तीनों ही विषयों पर पत्रक वितरित किये गये तथा महिलाओं को स्वयं का महत्व समझने एवं पुष्ठाहार लेने के लिए प्रेरित करने का यथोचित प्रयास किया गया। साथ ही महिलाओं एवं किशोरियों को कोविड–19 के बचाव से सम्बन्धित जानकारी देते हुये सेनिटाईजेशन किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सत्यवती, आशा बहिन श्रीमती सुशीला एवं श्रीमती प्रेमवती तथा अन्य ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता भी उत्साहवर्धक रही। अन्त में सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित करके धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

महिला अध्ययन केंद्र, दुवासू मथुरा द्वारा "ग्रामीण परिवेष में स्वच्छता अभियान का प्रभाव" विषय पर वक्तव्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन

वक्तव्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन एवं पुरुस्कार वितरण

वृद्धावस्था से सम्बन्धित सामान्य समस्याओं पर चर्चा हेतु जागरूकता गोष्ठी में पंजीकरण एवं सेनिटाईजेषन किट का वितरण

अस्थि विकार एवं पुष्टाहार सम्बन्धित जानकारी

महिला अध्ययन केंद्र, दुवासू मथुरा द्वारा वितरित किये गये पत्रक
वृद्धावस्था एवं अस्थि विकार
महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसन्धान संस्थान (दुवासु), मथुरा (उ. प्र.)
DUVASU Publication No. 236
आयु के विभिन्न चरणों में महिलाओं के लिए पोषण
पोषण
महिला अध्ययन केंद्र
उ. प्र. पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसन्धान संस्थान (दुवासु), मथुरा (उ. प्र.)
www.upvetuni.edu.in
DUVASU Publication No. 235
Tel. 0565-2470199
वृद्धावस्था और मानसिक स्वास्थ

स्वास्थय सम्बन्धित समस्याओं पर चर्चा एवं पत्रक वितरण